तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री से.
न्यूनतम 32.0 डिग्री से.

हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, मंगलवार 30 जून 2026

10 संत कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर....



10 एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश



## खबर संक्षेप

### अफीम के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे, पूछताछ जारी

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने अनाज मंडी टी प्वायंट के निकट से एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से 280 ग्राम अफीम बरामद की है। शहर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि सफीदों अनाज मंडी असंध-सफीदों टी प्वायंट के निकट एक युवक नशीले पदार्थ के साथ खड़ा हुआ है। जो नशा बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया है।

### घर के बाहर खड़ी बोलेरो मैक्सी ट्रक चोरी

**कैथल।** गांव खुशहाल माजरा में घर के बाहर खड़ी बोलेरो मैक्सी ट्रक चोरी हो गई। पीड़ित ने चोरी की सूचना तुरंत डायल-112 पर दी। वारदात की सीसीटीवी फुटेज में चोर एक सेंट्रो कार में आते हुए दिखाई दिए हैं। गुहला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव खुशहाल माजरा निवासी रघबीर सिंह ने बताया कि उसकी बोलेरो मैक्सी ट्रक प्लस 26 की रात घर के सामने खड़ी थी।

### अवैध पिस्तौल सहित आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा एक आरोपी को 315 बोर अवैध देसी कट्टा सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की अगुवाई में एचसी अनिल कुमार की टीम सायंकालीन गश्त दौरान बस अड्डा राजौंद के पास मौजूद थी। सहयोगी सुत्रो से पुलिस टीम को गुप्त जानकारी मिली कि गांव सिरसल निवासी देवेंद्र उर्फ बिल्लू अपाचे बाइक के साथ राजौंद से असंध रोड पर मण्डवाल माईनर पुलिया के पास इंतजार में खड़ा हैं।

### अशोक ने सशस्त्र पुलिस मधुबन का संभाला कार्यभार

**कैथल।** कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत पुलिस महानिरीक्षक अशोक कुमार को हरियाणा सशस्त्र पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। सलामी उपरान्त गारद का निरीक्षण किया व अधिकारियों एवं जवानों का अभिवादन स्वीकार किया। इसके अतिरिक्त उन्होने गार्द को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। महानिरीक्षक, मधुबन कार्यालय से विकास कुमार, राजेश कुमार, मुकेश कुमार, सुशील कुमार, जितेन्द्र बैनीवाल, धर्मवीर, शमशेर सिंह, जसवंत, विकास कृष्ण, सरदारा सिंह, परमजीत आदि कर्मचारी उपस्थित रहे।

### महिला व युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**कैथल।** जिले में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से किशोरी सहित महिला व युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने तीनों मामलों में गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले में ढांड थाना पुलिस को दी शिकायत में एक गांव निवासी बताया कि उसकी 16 साल की बेटी 28 जून को सुबह करीब 11:30 बजे घर से निकली थी, जिसके बाद वापस नहीं लौटी। परिजनों ने तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मां-बेटी संदिग्ध हालात में लापता, मामला दर्ज

**जींद।** जुलाना से मां व बेटी के संदिग्ध हालात में लापता होने पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी पत्नी तथा बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी पत्नी तथा बेटी का कोई सुराग नही लगा। जुलाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगो के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# आज नागरिक अस्पताल का दौरा करेंगी दो टीमें

## बाल अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिक के स्पेशल मानिटर जांचेंगे सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल का मंगलवार को निरीक्षण करने के लिए दो टीमें आ रही हैं। एक टीम बाल अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिक के स्पेशल मानिटर की होगी। जबकि एक टीम केयर कंपेनियन प्रोग्राम के तहत आएगी। सोमवार को अस्पताल में छुट्टी होने के बावजूद सभी कर्मचारी तैयारियों में जुटे रहे। अस्पताल में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए अभियान चलाया। बाल अधिकार एवं वरिष्ठ नागरिक के स्पेशल मानिटर बालकृष्ण गोयल मंगलवार को नागरिक अस्पताल का निरीक्षण करेंगे। वह बच्चों व वरिष्ठ नागरिक के अधिकारों के साथ-साथ अस्पताल में दी जाने वाली मरीजों की सुविधाओं का भी जायजा लेंगे। अस्पताल प्रशासन के इमरजेंसी से लेकर सभी वार्डों का वह दौरा करेंगे। इसके अलावा चिकित्सा अधिकारियों से भी बातचीत करेंगे। वहीं केयर कंपेनियन प्रोग्राम के तहत टीम भी अस्पताल में आएगी। यह टीम मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिलने बाद उनकी देखभल के बारे में तीमारदारों को जागरूक करेगी। टीम का प्रयास मरीज को दोबारा अस्पताल में आने से बचाना है ताकि उसका सही ख्याल रखा जाए तो वह दोबारा बीमार नहीं पड़े। अस्पताल प्रशासन ने दो टीमों के अस्पताल पहुंचने के मद्देनजर अपने कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए वर्दी में रहने अपना पहचान पत्र अनिवार्य रूप से गले में पहनने सभी वार्डों में साफ-सफाई उचित व्यवस्था बनाए रखने सभी आवश्यक उपकरण, रिकार्ड व मरीजों से संबंधित व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश जारी किए हैं। इसके अलावा सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देश जारी किए हैं कि उनके विभाग में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं मिलनी चाहिए। सभी व्यवस्थाएं पहले ही तैयार होनी चाहिए।



जींद। शौचालयों की सफाई व्यवस्था देखते डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला।

### सुविधाएं व अन्य इंतजामों का जायजा लेंगी

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने बताया कि केयर कंपेनियन प्रोग्राम की टीम तीमारदारों को मरीजों की अस्पताल से छुट्टी के बाद घर पर मरीजों देखभाल के लिए जागरूक करेगी। वहीं मंगलवार को नागरिक अस्पताल का दो टीमें दौरा करेंगे। यह टीमें अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधाएं व अन्य इंतजामों का जायजा लेंगी।



जींद। अमृत फार्मेसी भवन के निर्माण में जुटे मजदूर। फोटो :हरिभूमि

### अमृत फार्मेसी के भवन का निर्माण प्रारंभ

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल परिसर में अमृत फार्मेसी के लिए भवन का निर्माण शुरू हो गया है। इसी भवन में वीटा पार्लर बार भी खोला जाएगा। इसमें मरीजों को वीटा से संबंधित सभी प्रकार के उत्पाद मिलेंगे। वहीं अमृत फार्मेसी में मरीजों को ब्रांडेड दवाइयां सस्ते रेटों पर मिलेंगी। वैसे तो सभी दवाइयां अस्पताल के अंदर ही मिलती हैं लेकिन कई बार दवाई खत्म होने पर यहां से मरीज सस्ते रेटों में दवाई खरीद सकते हैं। नागरिक अस्पताल में इस समय गोहाना रोड पर गेट के पास व एक बूथ पुरानी बिल्डिंग में पहले से ही कार्यरत है। इनमें चाय व कोल्डड्रिंक ही मिलती है। वहीं वीटा के अनेक प्रकार के उत्पाद हैं। यह सभी उत्पाद इन वीटा बूथ पर नहीं मिलते। इसलिए मरीजों की सुविधा के लिए यहां पर वीटा पार्लर बार खोला जाएगा। इस पार्लर बार में वीटा के सभी प्रकार के दूध, मिठाई, लस्सी, दही, घी, आइसक्रीम से लेकर हर प्रकार के वीटा के उत्पाद मिलेंगे। कई बार किसी मरीज के स्वजन काफी दूर होते हैं तो वह यहां पर आकर अपनी भूख मिटा सकेगा। इसके अलावा इस पार्लर बार पर पौष्टिक उत्पाद मिलेंगे।



कैथल। चोरी के दोनों आरोपी स्पेशल डिटेक्टिव युनिट पुलिस गिरफ्त में।

# करोड़ों रुपये की चोरी मामले में दो गिरफ्तार

## 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था

- आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ उपरांत किया गया था काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा हुड्डा सेक्टर चीका स्थित मकान में हुई करोड़ों रुपये की चोरी मामले में दो आरोपियों को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की वार्ड नंबर-8, हुड्डा आर-3 चीका निवासी जयभगवान उर्फ ज्ञान गोयल की शिकायत अनुसार वह 8 जून 2026 को अपने बेटे के पास पंचकूला गए थे तथा अगले दिन मोहाली स्थित फोर्टिस अस्पताल में स्वास्थ्य जांच के लिए जाना था। 9 जून की सुबह लगभग 6:30 बजे उसके पड़ोसी निटू शाह का फोन आया कि उनके घर के मुख्य दरवाजों के ताले टूटे हुए हैं। सूचना मिलने पर वह तुरंत चीका पहुंचे। घर पहुंचकर देखा तो मकान के सभी ताले टूटे हुए थे तथा घर का सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से लगभग 24 लाख रुपये की नकदी, 60 से 65 तोले सोने के आभूषण तथा करीब 10 किलोग्राम चांदी चोरी होना पाया गया। शिकायतकर्ता द्वारा घर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने पर पता चला कि अज्ञात दीवार फांदकर घर में दाखिल हुए और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। शिकायत के आधार पर थाना चीका में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। एसपी मनप्रीत सिंह सूदन द्वारा पुलिस टीमों को जल्द से जल्द मामले को सुलझाने के आदेश दिए गए थे। मामले को सुलझाते एंटी नारकोटिक सैल तथा स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट द्वारा आरोपियों की पुख्ता पहचान की। वीरवार की रात स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील कुमार की टीम द्वारा उक्त मामले में वांछित आरोपी सोहन सिंह तथा धर्मबीर, निवासी मौड़ मंडी, जिला बठिंडा (पंजाब) को पूंडरी क्षेत्र से मुठभेड़ उपरांत काबू किया गया था। दोनों आरोपियों पर 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

## पहली मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी

# महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में आवेदन का अंतिम दिन आज

## *कम आवेदनों के चलते विभाग शेड्यूल में तीन बार बदलाव कर चुका*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महाविद्यालयों में यूजी कोर्स में ऑनलाइन आवेदन को लेकर केवल एक दिन बचा है। विद्यार्थी अपने पसंदीदा संकायों में दाखिले के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद 10 जुलाई को पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। जिन विद्यार्थियों का नाम मेरिट लिस्ट में आएगा। उनके पास 11 से 15 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। हालांकि इस बार शेड्यूल में बदलाव होना मुश्किल लग रहा है। जबकि कम आवेदनों के चलते उच्चतर शिक्षा विभाग शेड्यूल में तीन बार बदलाव कर चुका है। कालेजों में दाखिला कमेटी द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन और विद्यार्थियों की लाग इन आइडी से त्रुटि हटाने का कार्य छह जुलाई तक होगा। आठ जुलाई को मेरिट लिस्ट को लेकर पात्र विद्यार्थियों की सूची जारी होगी। इसके बाद नौ जुलाई को पहली प्रोविजनल लिस्ट तो 10 जुलाई को फाइनल मेरिट लिस्ट जारी होगी।जिन विद्यार्थियों का नाम पहली मेरिट लिस्ट में आएगा, उनके पास 11 से लेकर 15 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय रहेगा। विद्यार्थियों द्वारा भी लगातार आवेदन किए जा रहे हैं। राजकीय पीजी कालेज में विभिन्न 13 संकायों में 2717 आवेदन आ चुके हैं। बीए कला संकाय में निर्धारित 600 सीटों पर 1438 आवेदन आए हैं। बीए इकोनामिक्स में 40 सीटों पर 30ए बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 67, बीए ज्योग्राफी में 40 सीट पर 93, बीए हिस्ट्री में 40 सीट पर 57, बीबीए में 40 सीटों पर 173 बीकाम में 220 सीटों पर 270ए बीसीए में 120 सीटों पर 394, बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 170 सीटों पर 296, बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 300 सीटों पर 168, बैचलर आफ साइंस इन कैमिस्ट्री में 40 सीटों पर 83 बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन मैथ में 40 सीटों पर 92 और बैचलर आफ साइंस विद मैजर इन फिजिक्स में 40 सीटों पर 81 आवेदन आ चुके हैं। राजकीय महिला कालेज में अलग-अलग नौ संकायों में अब तक आए 1527 आवेदनों में से बीए कला संकाय में 400 सीटों पर 879, बीए इंग्लिश में 40 सीटों पर 50ए बीए ज्योग्राफी में 40 सीटों पर 70ए बीकाम में 200 सीटों पर 149ए बीसीए में 60 सीटों पर 156ए बैचलर आफ साइंस इन लाइफ साइंस में 60 सीटों पर 228 बैचलर आफ साइंस इन फिजिकल साइंस में 160 सीटों पर 111, बैचलर आफ साइंस विद मेजर इन मैथ में 40 सीटों पर 56 और बैचलर ऑफ साइंस इन फिजिक्स में 30 सीटों पर 51 आवेदन आ चुके हैं। राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मलिक ने बताया कि कालेजों में यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आनलाइन आवेदन की तारीख 30 जून तक है।ऐसे में विद्यार्थियों के पास आवेदन को लेकर केवल एक दिन का समय बचा है।जिन विद्यार्थियों ने अभी तक यूजी कोर्स में दाखिले के लिए आवेदन नहीं किया है तो उन्हें चाहिए कि वे निर्धारित अवधि में आवेदन कर अपना दाखिला सुनिश्चित करें।



जींद। आईटीआई में आवेदन के लिए बनाया गया काउंटर।

### आईटीआई में दाखिले के लिए आज अंतिम दिन

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक सत्र 2026.27 के प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों से समय रहते आवेदन पूर्ण करने की अपील की गई है। राजकीय आईटीआई जींद के प्रधानाचार्य नरेश कुमार पांचाल ने बताया कि जिले सहित पूरे प्रदेश में विभिन्न ट्रेडों में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी है। आईटीआई में इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, वायरमैन, कोपा, वेल्डर सहित अनेक रोजगारपरक ट्रेड उपलब्ध हैं, जिनमें प्रशिक्षण प्राप्त कर विद्यार्थी अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि आईटीआई केवल तकनीकी शिक्षा का केंद्र ही नही बल्कि युवाओं को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रदान करने का महत्वपूर्ण मंच है। यहां प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए सरकारी, निजी एवं स्वरोजगार के अनेक अवसर उपलब्ध होते हैं। संस्थान प्रशासन ने विद्यार्थियों और अभिभावकों से आग्रह किया है कि अंतिम समय की भीड़ एवं तकनीकी समस्याओं से बचने के लिए तुरंत आवेदन करें।

# दोस्तों संग नहर में नहाने गया युवक डूबा

- गांव सिवाना माल के पास रेलवे पुल पर नहाने पहुचा था युवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव सिवाना माल के निकट सोमवार को हांसी ब्राच नहर मे नहाते समय दोपहर को युवक डूब गया। सूचना पाकर सदर थाना सफीदों पुलिस तथा ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तलाशी अभियान चलाया। किशोर का कोई सुराग नही लगा। फिलहाल ग्रामीण तथा परिजन नहर पर नजर बनाए हुए है। गांव भम्भेवा निवासी महेद्र का बेटा लक्ष्य 17 सोमवार दोपहर को अपने दोस्तों के साथ गांव सिवाना माल के निकट हासी ब्रांच नहर पर नहाने गया था। लक्ष्य तथा उसके दोस्तो ने जींद-सोनीपत रेलवे पूल से छलांग लगाई तो वह दोबारा बाहर नही आया। नहर का बहाव तेज होने के कारण उसके अंदर समा गया। लक्ष्य के दोस्तों ने शोर मचाया तो आस पास के लोग तथा ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और नहर मे तलाशी अभियान चलाया। उसी दौरान सूचना पाकर पिल्लूखेड़ा थाना तथा सदर थाना सफीदों पुलिस भी मौके पर पहुंच गई ओर सर्च अभियान मे जुट गई। काफी दूर तक नहर मे तलाशी अभियान चलाया लेकिन नहर मे डूबे लक्ष्य का कोई सुराग नही लगा। बताया जाता है कि लक्ष्य चंडीगढ में पढता था। गर्मी की छुट्टियों के चलते उसके तीन चार दोस्त भी चडीगढ़ से आए हुए थे। जिनको साथ लेकर लक्ष्य नहर मे नहाने गया था। सरफाबाद चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह ने बताया कि नहर मे सर्च अभियान चलाया गया है। अभी तक डूबे किशोर का कोई सुराग नही लगा है। फिलहाल नहर पर नजर रखी जा रही है।

### किसी की जान गई तो अधिकारी जिम्मेदार

**जींद।** राज्यसभा सांसद कर्मबीर सिंह बौद्ध ने कहा कि जींद के गोहाना रोड स्थित रिहायशी क्षेत्र में लगाए गए बायो गैस प्लांट को मंजूरी देने वाले और बड़े स्तर पर आपत्तियां सामने आने के बाद भी मूकदर्शक बने अधिकारियों की नौकरी खतरे में पड़ सकती है। यदि बायो गैस प्लांट के समीप कॉलोनियों के लोगों की जान पर आफत आई तो उसके लिए सीधे तौर पर अधिकारी जिम्मेदार होंगे। जिन अधिकारियों ने बायो गैस प्लांट को लगाने की मंजूरी दी, उन्हें पहले आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में लोगों की आपत्ति जाननी चाहिए थी।



राज्यसभा सांसद कर्मबीर बौद्ध को ज्ञापन सौंपते प्रतिनिधिमंडल।



### पानी की बूंद-बूंद को तरसे पाई के यात्री

**पाई।** भीषण और झुलसाने वाली गर्मी के बीच पाई बस स्टैंड पर आने वाले सैकड़ो यात्रियों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि इतने बड़े गांव के बस स्टैंड पर यात्रियों के लिए वाटर कूलर तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। इसके कारण यात्रियों को इस तपती गर्मी में भी ठंडा पानी नसीब नहीं हो पा रहा है। बस स्टैंड पर पीने के पानी के नाम पर केवल कुछ प्लास्टिक के कैंपर ही रखे जाते हैं। भयंकर गर्मी के कारण इन कैंपरों का पानी कुछ ही समय में बेहद गर्म हो जाता हैं और तेज धूप में उबलने लगता है। ऐसे में यह गर्म पानी पीने लायक नहीं रहता और यात्रियों को मजबूरन दुकानों से महंगे दामों पर बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है।

### एयरपोर्ट लाउंज सुविधा एक्टिवेट करने के नाम पर 1.57 ठगे

**कैथल।** शहर के सेक्टर-19 निवासी एक आढ़ती से एयरपोर्ट लाउंज सुविधा एक्टिवेट करने के नाम पर 1.57 लाख की साइबर ठगी कर ली। ठगी ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का अधिकारी बता पहले क्रेडिट कार्ड पर अतिरिक्त चार्ज लगने का झांसा दिया। इसके बाद एपीके फाइल डाउनलोड कराकर स्क्रीन शेयर करवाई और कुछ ही मिनटों में क्रेडिट कार्ड से तीन ट्रांजेक्शन के जरिए 1.57 लाख उड़ा दिए। साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर-19 निवासी व कलायत मंडी में आढ़त का काम करने वाले नरेंद्र कुमार ने बताया कि 27 जून को उसके पास मोबाइल नंबर से कॉल आई थी।

## ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की क्षमता, कंपन सिस्टम, ट्रैक पर स्थिरता जैसे परिस्थितियों का आकलन किया जा रहा

# चौथे दिन ट्रायल: ट्रेन ने बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 की स्पीड से एक चक्कर लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हाइड्रोजन ट्रेन का सोमवार को हाई स्पीड ट्रायल चाथे दिन जारी रहा।सोमवार को ट्रेन ने बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 की स्पीड से एक चक्कर लगाया। हालांकि बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच ट्रेन के तीन चक्कर प्रस्तावित थे। देर शाम ट्रेन के जींद आने की संभावना है। गौरतलब है कि हाइड्रोजन ट्रेन का हाई स्पीड ट्रायल पिछले चार दिन से जारी है। पहले दिन शुक्रवार को जहां ट्रेन को दिल्ली सब्जी मंडी ले जाया गया। वहां सब्जी मंडी और सोनीपत के बीच 85 से 120 के बीच अलग-अलग स्पीड पर ट्रायल किया गया। वहीं शनिवार को दूसरे दिन सोनीपत दिल्ली सब्जी मंडी के बीच चार चक्कर लगाए गए। इस दौरान ट्रेन को 80, 100 और 120 की अलग-अलग स्पीड मानकों पर ट्रायल किया गया। वहीं रविवार को तीसरे दिन जींद से खरैंटी के बीच 120 की स्पीड से दौड़ाकर चलाकर देखा गया। वहीं अब सोमवार को चौथे दिन ट्रेन का बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती के बीच 110 किलोमीटर प्रति घंटा की स्पीड से ट्रायल किया गया।



जींद। ट्रैक पर मौजूद हाइड्रोजन ट्रेन। फोटो :हरिभूमि

### अलग-अलग गति से ट्रायल चल रहा

बता दें कि हाइड्रोजन ट्रेन का इससे पहले 75 और 85 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से स्पीड ट्रायल हो चुका है। अब ट्रेन के हाई स्पीड टेस्ट के दौरान हर बारीकी पहलुओं पर नजर बनाई जा रही है। ट्रायल में ब्रेकिंग सिस्टम, इंजन की क्षमता, कंपन सिस्टम, ट्रैक पर स्थिरता जैसे परिस्थितियों का आकलन किया जा रहा है ताकि आगामी दिनों में जब ट्रेन ट्रैक पर हो तो रूट पर किसी तरह की परेशानी नहीं आए। ऐसे में ट्रेन को अलग.अलग ट्रैक पर अलग-अलग गति से ट्रायल चल रहा है।



जुलाना। बाजार में नालों की सफाई करते एसडीएम होशियार सिंह।

### एसडीएम ने जलनिकासी व्यवस्था का किया निरीक्षण

**जुलाना।** बरसाती सीजन के दौरान कस्बे के मुख्य बाजार में जलभराव की समस्या से लोगों को राहत दिलाने के उद्देश्य से जुलाना के एसडीएम होशियार सिंह ने सोमवार को बाजार का दौरा कर जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों के साथ बाजार की नालियों का जायजा लिया तथा स्वयं फावड़ा उठाकर नालों में जमा गंदगी निकालकर सफाई व्यवस्था की हकीकत परखी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कहा कि बरसात के दिनों में मुख्य बाजार में कई स्थानों पर दुकानों के आगे पानी जमा हो जाता है। जिससे व्यापारियों, ग्राहकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जलभराव के कारण यातायात भी प्रभावित होता है और गंदगी फैलने से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता है कि बरसात के दौरान बाजार में कहीं भी पानी जमा न हो और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न झेलनी पड़े।

## खबर संक्षेप

### वीबी जी, आरएएम जी को लेकर चिंता जताई

**नरवाना।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, सिरसा लोकसभा क्षेत्र की सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारी सैलजा ने केंद्र सरकार द्वारा एक जुलाई से लागू की जा रही नई ग्रामीण रोजगार योजना वीबी जी, आरएएम जी को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यदि नई व्यवस्था से राज्यों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ता है, मजदूरों के अधिकार कमजोर होते हैं या रोजगार की उपलब्धता प्रभावित होती है, तो सरकार को इस पर तत्काल पुनर्विचार करना चाहिए। कुमारी सैलजा ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) करोड़ों ग्रामीण परिवारों के लिए आर्थिक सुरक्षा का आधार रहा है।

### केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसो . कोर कमेटी की बैठक हुई

**नरवाना।** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन कोर कमेटी की एक अहम बैठक रविवार देर शाम एसोसिएशन के चुनाव कमेटी अध्यक्ष घनश्याम अनेजा के व्यावसायिक स्थल पर हुई बैठक में संगठन को उत्तम रूप से चलने के लिए कुछ विशेष नियमावली के बारे में अहम विचार विमर्श हुआ। कमेटी द्वारा प्रत्येक दो माह में रविवार को समस्त संगठन की एक सामूहिक आम बैठक करवाने का निर्णय लिया ताकि हर सम्मानित सदस्य के सुझाव एवं समस्या पर चर्चा एवं समाधान हो सके।

### राज्यसभा सदस्य बनने पर तरुण को दी शुभकामनाएं

**उचाना।** नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने पर भाजपा नेता पंडित दीपक बुडायन ने तरुण चुघ को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह भाजपा संगठन और कार्यकर्ताओं के लिए गर्व का विषय है। बुडायन ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि माता भ्रामरी का आशीर्वाद सदैव तरुण चुघ पर बना रहे तथा वे राज्यसभा में जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते हुए देश और संगठन की सेवा करें। उन्होंने उनके सफल, स्वस्थ एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते विश्वास जताया कि उनके अनुभव और नेतृत्व का लाभ देश को मिलेगा।

### लाइब्रेरी में जिप चेयरपर्सन ने लगवाए वाटर कूलर

**उचाना।** जिला परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा ने गांव घसो कलां, घसो खुर्द की लाइब्रेरी में पढऩे वाले विद्यार्थियों के लिए गर्मी में ठंडा पानी पीने के लिए दो वाटर कूलर अपने निजी कोष से प्रदान किए। गर्मी के मौसम में विद्यार्थियों को पीने के लिए ठंडा पानी मिले, इसके लिए वाटर कूलर की यह मांग जिला पार्षद इंदु बाला ने उठाई थी। इंदु बाला ने कहा कि चेयरमैन प्रतिनिधि कुलदीप रंधावा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। चाहे वह लाइब्रेरी का काम हो या फिर कोई खिलाड़ी व अन्य जरूरमंद की मदद का कार्य हो, उसमें आगे सहयोग करते हैं।

### दो स्थानों से झोटे समेत चार पशु चोरी

**जींद।** जिले में पशु चोर गिरोह ने अलग-अलग दो स्थानों से झोटे समेत चार पशुओं को चोरी कर लिया। संबंधित थाना पुलिस ने शिकायतों के आधार पर चोरी के मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव सेढा माजरा निवासी बलबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसने मकान से कुछ दूरी पर पशुबाड़ा बनाया हुआ है। बीती रात चोरों ने पशुबाड़े के लोहे के गेट को उखाड़ कर एक झोटा तथा दो भैंसों को चोरी कर लिया।

### संदिग्ध हालात में नाबालिग लड़की लापता, मामला दर्ज

**जींद।** गांव भाणा ब्राह्मणन से नाबालिग लड़की के घर से संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। गांव भाणा ब्राह्मणन निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 23 जून दोपहर बाद उसकी साढ़े 17 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## संत शिरोमणि कबीरदास के 629वें प्रकाश पर्व पर भव्य कार्यक्रम

# संत कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर, ए ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर

### कार्यक्रम में समाज के 24 होनहार युवक व युवतियों को सम्मानित किया

### कबीर ने धर्म, जाति वर्ग के बंधनों से ऊपर उठ कर मानवता का संदेश दिया : सतपाल



जींद। मंच पर सांसदों को स्मृति चिन्ह देते कार्यक्रम आयोजक। फोटो :हरिभूमि



जींद। मंच पर समाज के होनहार छात्रों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जींद-अशरफगढ़ मार्ग पर स्थित निर्माणाधीन संत कबीर छात्रावास एवं लाइब्रेरी भवन में संत शिरोमणि कबीरदास के 629वें प्रकाश पर्व पर भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य सभा सांसद कर्मवीर सिंह बौद्ध और लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने शिरकत की। कार्यक्रम का आगाज कबीर साहेब के दोहों से हुआ। मुख्यअतिथि कर्मवीर सिंह बौद्ध ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कबीर साहेब का संदेश संपूर्ण मानव जाति के उत्थान के लिए हैं। उन्होंने समता और भाईचारे का संदेश दिया। उन्होंने अपने दोहों से समाज में फैली कुरीतियों को छोड़ कर अंधविश्वास और आडंबरों से दूर रहने का संदेश दिया। उनके संदेशों में ईमानदारी और सच्चाई के साथ जीवन जीने की प्रेरणा और सीख मिलती है। उन्होंने समाज में फैली कुप्रथाओं का जोरदार विरोध किया। समाज के उत्थान का संदेश दिया। उनके संदेश सैंकड़ों सालों के बाद आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों का आह्वान किया कि आप सही मायने में तभी कबीर के सच्चे अनुयायी होंगें जब आप सत्य, समानता, भाईचारे की भावना के साथ सभी को साथ लेकर सात्विक जीवन जिऐंगे। लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि इस जयंती समागम में सभी समाजों के लोगों को शामिल कर कबीर साहेब के महान उपदेशों को आत्मसात करने का प्रयास निश्चित रूप से सराहनीय कदम है। कबीर जी के दोहों में सरल शब्दों का प्रयोग है, उनमें मानव कल्याण का गहरा संदेश भी छिपा है। कबीर साहेब भक्ति काल के महान समाज सुधारक और कवि थे। उन्होंने धर्म, जाति वर्ग के बंधनों से उपर उठकर मानवता का संदेश दिया। निर्गुण समाज में फैली कुरीतियों के खिलाफ कबीर जी मुखर होकर बोले। कबीर ने कहा कि कबीरा खड़ा बाजार में मांगे सबकी खैर, ए ना काहू से दोस्ती ना काहू से बैर।

#### ये रहे मौजूद

संस्था के वरिष्ठ सदस्य एवं समाज सेवी रोशन लाल दुग्गल ने कहा कि संत कबीर साहेब की वाणी सबके लिए प्रेरणादायी है। सांसद ने समाज के होनहार बेटे व बेटियां को सम्मानित किया। कार्यक्रम में सोनीपत के लोकसभा सांसद सतपाल ब्रह्मचारी ने 11 लाख रुपये की ग्रांट की घोषणा की। जबकि राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध ने अपने स्वैच्छिक कोटे से पांच लाख रुपये की ग्रांट उपलब्ध करवाने की हामी भरी। इस मौके पर पूर्व सांसद डा. सुशील इन्दौरा, कृष्ण कुटेल, जयभगवान गोयल, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर, अनिल धानक सूबे सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### समाज सुधार में संत कबीर की शिक्षाओं का अहम योगदान

**अंबाला।** श्री गुरू ग्रंथ साहिब विद्या केंद्र सेवा समिति की ओर से गांव बहबलपुर में धन-धन संत कबीर दास का 628 वां प्रकाश पर्व (जन्म दिहाड़ा) श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बच्चों द्वारा राम-नाम के सुमिरन और कीर्तन से किया गया, जिससे संगत भाव-विभोर हो गई। इस अवसर पर कथा वाचक हरप्रीत सिंह निसाना वाली (बूढ्ढा दल जत्थेदार) ने संत कबीर दास के जीवन, शिक्षाओं एवं समाज सुधार में उनके योगदान पर प्रकाश डाला। बताया कि संत कबीर दास का जन्म वर्ष 1398 ईस्वी (विक्रमी संवत 1455) में लहरतारा, काशी (उत्तर प्रदेश) में हुआ था। उनके माता-पिता का नाम नीरू और नीमा, पत्नी का नाम लोई, पुत्र का नाम कमाल तथा पुत्री का नाम कमाली था। उनके गुरु स्वामी रामानंद थे। उन्होंने कहा कि संत कबीर दास ने अपने समय में समाज में फैली धार्मिक कट्टरता, पाखंड एवं बाहरी आडंबरों का विरोध करते मानवता, समानता, सत्य, प्रेम और ईश्वर भक्ति का संदेश दिया।



जींद। शहर से गुजरती शोभा यात्रा। फोटो :हरिभूमि

## संत कबीरदास ने किया था पाखंड का विरोध : स्वामी

- शहर में निकाली शोभा यात्रा, लोगों को दिया सामाजिक सद्भाव का संदेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद

जींद में संत कबीर जन्मोत्सव सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मुख्य कार्यक्रम निर्जन गांव के डेरा घीसा पंथी आश्रम में हुआ। जहां लोगों ने संत कबीर की शिक्षाओं पर अमल का संकल्प लिया और प्रसाद ग्रहण किया। संत कबीर जयंती पर सोमवार को निर्जन के डेरा घीसा पंथ के महंत स्वामी राघवानंद की अगुवाई में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद कर्मवीर बौद्ध भी जींद में शामिल हुए। उन्होंने स्वामी राघवानंद का आशीर्वाद लिया तथा कहा कि संत कबीर ने पाखंड के खिलाफ जनता को जागरूक किया था। उन्होंने समाज से जाति और वर्ण व्यवस्था को भी समाप्त करने का आह्वान किया था। संत कबीर की शिक्षा वर्तमान दौर में पहले से भी ज्यादा प्रासंगिक हो गई हैं। संत कबीर जयंती पर निर्जन के डेरा घीसा पंथी से निकाली गई शोभा यात्रा स्वामी राघवानंद की अगुवाई में शहर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी। रास्ते में जगह-जगह शोभायात्रा और इसकी अगुवाई कर रहे स्वामी राघवानंद का स्वागत किया गया। इसका समापन निर्जन गांव के डेरा घीसा पंथी आश्रम में हुआ। जहां विशाल भंडारे का आयोजन हुआ। भंडारे में सैकड़ों की संख्या में साधु व महात्मा शामिल हुए आम लोगों ने भी बड़ी संख्या में यहां प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर स्वामी राघवानंद ने कहा कि संत कबीर बहुत बड़े समाज सुधारक थे। उन्होंने समाज को पाखंड छोड़ कर सच्चाई और आपसी भाईचारे तथा सामाजिक सद्भाव के साथ जीने का संदेश दिया था। उनका यह संदेश आज पहले से भी ज्यादा प्रासंगिक हो गया है, जब समाज में पाखंड, जातिवाद और सांप्रदायिकता का बोलबाला हो रहा है। इस मौके पर स्वामी सदानंद, गौ सेवक माता कृष्णा देवी आदि भी मौजूद रहे।

### हर ब्लॉक में होगी योग खेल प्रतियोगिताएं

**जींद।** जिला जींद के प्रत्येक ब्लॉक में योग खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला योग खेल संगठन ने ब्लॉक स्तर पर कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए हैं। अलेवा में करण सिंह, जुलाना में सतपाल, सफीदों में अनिल कुमार, नरवाना में जय किशन, उचाना में मोहित, पिल्लूखेड़ा में रोहताश, जींद में अंजू कुमारी, उझाना में संदीप को कोऑर्डिनेटर बनाया गया है। जिला संगठन के अध्यक्ष डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने बताया कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके खिलाडियों ने भाग लिया है और विजेता के रूप में इनकम टैक्स विभाग में नौकरी प्राप्त की है तथा सरकार के अनुसार उन्हें पुरस्कार के रूप में नागद्दा राशि प्रदान की गई है। हरियाणा सरकार की नीतियों का सुखद परिणाम है उनके अनुसार ब्लॉक लेवल के पश्चात जुलाई के तीसरे सप्ताह में जिला स्तर पर योग प्रतियोगिताएं होंगी।



जींद। बैठक में भाग लेते कमेटी सदस्य। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### सार्वजनिक सेवा का दूसरा नाम एनएसएस

**जींद।** आधारशिला विद्यालय के विद्यार्थियों ने मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल में आयोजित सात दिवसीय जिला स्तरीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई। इस शिविर में आधारशिला से 15 विद्यार्थियों ने भाग लिया। यह आयोजन 21 जून से 27 जून तक रहा। इसमें मुख्यातिथियों ने सभी स्वंयसेवकों से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का आह्वान किया। उन्होंने नशे की रोकथाम, स्वास्थ्य निर्माण, युवाओं की सामाजिक जिम्मेदारी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार सांझा किए। एनएसएस संबधित शिविरों से विद्यार्थियों में एक जिम्मेदार नागरिक के गुणों का समावेश होता है। जीवन में आने वाली चुनौतियों का सतर्कता से मुकाबला करना सीखाता है। इसमें बच्चों में अनुशासन की भावना एवं समूह में काम करने की कला का विकास होता है।

### मीठे पानी की छबील लगाई

**जींद।** संतमत धारा सेवा समिति जींद के प्रांगण में कबीर साहिब के प्रकट दिवस के अवसर पर सोमवार को सत्संग का आयोजन पर मीठे पानी की छबील व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैंकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। संतमत धारा सेवा समिति जींद के प्रधान सेवादार सूर्यदास द्वारा कबीर साहिब के जीवन पर प्रकाश डाला गया व बताया कि कबीर साहिब केवल एक जाति के, एक देश के गुरु नही थे, उनका ज्ञान पूरी मानव जाति के लिए था। उन्होंने हमेशा परमात्मा के सच्चे नाम का प्रचार किया। संस्था के प्रधान सेवादार सूर्यदास ने बताया कि इस संसार में कोई भी सुखी नही है, कितना भी धन क्यों न जोड़ ले, किसी को निर्धनता का दुख है तो किसी को शारीरिक बीमारी का। किसी को संतान ना होने का तो कोई अपनी संतान से दुखी है।



जींद। मीठे पानी की छबील लगाए सेवादार। फोटो :हरिभूमि



अग्रवाल वैश्य समाज के सदस्य मुख्य अतिथि के साथ रक्तदान करते रक्तदाता।

### शिविर में 47 यूनिट एकत्रित

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना द्वारा आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संस्था अध्यक्ष अर्जुन गोयल ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी मनजीत गोयत प्रॉपर्टी कोलोनाइजर व देवेन्द्र गोयल जिला महासचिव अग्रवाल वैश्य समाज जीन्द द्वारा किया गया। प्रैस प्रवक्ता दीपक सिंगला ने बताया कि यमुनानगर से आए विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा रक्तदाता का फार्म भरकर व जांच करके रक्त लिया गया। उसके उपरांत संस्था द्वारा रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। उन्होंने बताया कि इस शिविर में 47 यूनिट एकत्रित की गई। महासचिव राहुल बंसल व उपाध्यक्ष जोनी सिंगला द्वारा रक्तदाताओं को बैज लगाए गए।



मूर्ति स्थापना के बाद पूजा-अर्चना करते डीएसपी संजय कुमार एवं अन्य।

### शिव परिवार की मूर्ति स्थापित

**उचाना।** श्री बालाजी वेलफेयर सोसायटी उचाना मंडी के तत्वावधान में पुलिस थाना परिसर स्थित मंदिर में विधि-विधान के साथ शिव परिवार की मूर्ति की स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की गई। हवन पूर्ण होने के बाद शिव परिवार की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई तथा श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डीएसपी संजय कुमार, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। डीएसपी संजय कुमार ने कहा कि समाज में धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों का नियमित रूप से होना आवश्यक है।

## डीएन मॉडल स्कूल की छात्रा वर्षा ने हरियाणा में प्राप्त किया चौथा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶। जींद



डीएन मॉडल स्कूल के लिए यह अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा वर्षा ने दसवीं बोर्ड परीक्षा के री इवैल्यूएशन के बाद शानदार सफलता प्राप्त करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। दसवीं बोर्ड परीक्षा के री इवैल्यूएशन से पहले छात्रा वर्षा के कुल अंक 488 थे। जो री इवैल्यूएशन के बाद बढ़कर 496 अंक हो गए हैं। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ वर्षा ने हरियाणा प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। छात्रा वर्षा ने विभिन्न विषयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विज्ञान विषय में 100 अंक, अंग्रेजी विषय में 99 अंक, गणित विषय में 99 अंक, सामाजिक विज्ञान विषय में 99 अंक तथा संगीत विषय में 99 अंक प्राप्त किए हैं। आज विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में दसवीं बोर्ड परीक्षा में शानदार उपलब्धि प्राप्त करने वाली छात्रा वर्षा को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने उसे शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक वीरेंद्र ढिल्लो ने कहा कि वर्षा की यह सफलता उसकी कड़ी मेहनतए लगन और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने छात्रा, उसके अभिभावकों एवं सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या मीनाक्षी गुप्ता ने छात्रा वर्षा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उसकी यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



उचाना। पुरानी अनाज मंडी में लगाई गई ठंडे जलजीरे के पानी की छबील।

### राहगीरों को पिलाया शीतल जल

**उचाना।** बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से पुरानी अनाज मंडी में व्यापारियों ने संयुक्त रूप से ठंडे जलजीरे के पानी की छबील लगाई। छबील में राहगीरों, वाहन चालकों एवं आसपास के लोगों को ठंडा जलजीरा पिलाकर उनकी प्यास बुझाई गई। व्यापारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। ऐसे सेवा कार्य समाज में आपसी भाईचारे और मानवता की भावना को मजबूत करते हैं। छबील पर बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडा जलजीरा पीकर गर्मी से राहत महसूस की और व्यापारियों के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर खुजान बंसल, सतपाल करसिंधु, खुजान काकड़ोद, पवन, हरिकेश छात्तर, राजा बुडायन, चांदी शास्त्री, सचिन एवं विकास बंसल सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### नगूरां के पांच बूथों पर भाजपा विधायक अत्री की संगठनात्मक बैठक

# एसआईआर को लेकर कार्यकर्ताओं को दिए जरूरी निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶। अलेवा



अलेवा। नगूरां गांव में बच्चे को पोलियो की ड्राप पिलाकर राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ करते विधायक देवेंद्र अत्री। फोटो :हरिभूमि

नगूरां गांव के पांच बूथों पर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) अभियान को लेकर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक बूथ बैठक की। बैठक में बीएलओ भी मौजूद रहे। विधायक ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा करते हुए पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोडऩे तथा अपात्र मतदाताओं के नाम नियमानुसार हटवाने की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क अभियान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने बूथों से जुड़े सुझाव भी विधायक के सामने रखे। बैठक में पहुंचें भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का कार्यकर्ताओं ने फू ल-मालाएं पहनाकर और स्वागत कर अभिनंदन किया। विधायक ने क हा कि बूथ संगठन की मजबूती ही पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भूमिका संगठन को और सशक्त बनाएगी। इस दौरान विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना विधानसभा क्षेत्र के गांव नगूरां में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डिप्टी सिविल सर्जन डा. बिजेंद्र ढांडा तथा अलेवा सीएचसी प्रभारी डा. जितेंद्र शर्मा ने की। इस दौरान विधायक ने छोटे बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाकर अभियान की शुरुआत की तथा पोलियो मुक्त भारत के संकल्प को साकार करने के लिए जनभागीदारी का संदेश दिया। विधायक ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक की जिम्मेदारी है कि वह अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा, महिला सुपरवाइजर पुष्पा, एलटी रवि ढिल्लों, मार्केट कमेटी उप चेयरमेन शमशेर नगूरां, बीसी प्रधान धर्मबीर डाहौला, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीण भी मौजूद रहे।



जींद। राजकुमार गोयल को सम्मानित करते आशीष पहलवान व अन्य।

### समाजसेवी राजकुमार को किया सम्मानित

**जींद।** उदयवीर कुश्ती अखाड़ा निर्जन द्वारा बतख चौक पर चौथा विशाल कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। इस कुश्ती दंगल में विभिन्न राज्यों से आए पहलवानों ने अपने दांव-पेंच का प्रदर्शन किया। कुश्ती अखाड़े का आयोजन अखाड़े के संचालक आशीष पहलवान द्वारा किया गया। दंगल में बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों, गणमान्य नागरिकों एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। जसबीर , राजबीर , महेन्द्र पहलवान, अमनप्रीत पहलवान, विशाल पहलवान इत्यादि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस चौथे विशाल कुश्ती दंगल में विशेष सहयोग देने के लिए आयोजक मंडल द्वारा प्रमुख समाजसेवी राजकुमार गोयल को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कुश्ती दंगल में विशेष सहयोग देने के साथ साथ समाज हितए जनसेवा एवं विभिन्न सामाजिक कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया।

खबर संक्षेप



## गांव बालू के शिव मंदिर आश्रम में वार्षिक उत्सव

**कलायत।** कलायत के गांव बालू की बिढाण पट्टी स्थित प्राचीन शिव मंदिर आश्रम में वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। आश्रम महंत राणा नाथ ने बताया कि इस आश्रम में हर वर्ष वार्षिक उत्सव व भंडारे का आयोजन किया जाता है। इसके तहत हवन यज्ञ एवं धार्मिक अनुष्ठान होता है। भंडारे में बड़ी संख्या में साधू संतों के अलावा विभिन्न हिस्सों से साधु समाज व श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। महंत ने कहा कि नाथ संप्रदाय के रीति अनुसार सभी धार्मिक अनुष्ठान संपादित किए जाते हैं। भंडारे के आरंभ करने से पूर्व हवन में पूर्णाहूति डाली गई। उसके बाद कन्या भोजन करवा कर महंत संतों को भंडारे में भोजन करवाया गया। इसके बाद गृहस्थों ने भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। भंडारे में भारी संख्या में महिलाओं, बड़े-बुजुर्गों, युवाओं व बच्चों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### सहयोग प्रशिक्षण शिविर के समापन पर किया 21 कुंडीय यज्ञ

# योग के माध्यम से पाया जा सकता है बीमारियों से छुटकारा: अमर राविश

- जिला योग शिक्षक सूबे सिंह राविश ने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और उनके महत्व को समझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





कैथल। प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले योग साधकों को सम्मानित करती अमर राविश, प्रद्युमन आर्य व अन्य तथा हवन में आहुति डालते योग साधक फोटो : हरिभूमि

पंतजलि योगपीठ हरिद्वार महिला समिति की ओर से जाट कालेज में आयोजित 15 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर के समापन पर सोमवार को 21 कुंडीय हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। हवन के मुख्य यज्ञमान के रूप में आर्य समाज के प्रधान प्रद्युमन रहे। हवन में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय कैथल के प्रो. रमा मिश्रा ने विधिवत मंत्रोच्चारण किया। हवन यज्ञ में शहर भर से योग साधकों के साथ साथ अन्य प्रबुद्ध वर्ग ने भाग लिया। कार्यक्रम में पंतजलि योगपीठ महिला समिति की प्रदेश प्रभारी अमर राविश ने बताया कि आज महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। योग के माध्यम से भी महिलाओं ने अपनी अलग पहचान बनाई है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। अमर ने कहा कि योग के माध्यम से ही आज के समय में स्वस्थ जीवन पाया जा सकता है। आज की भागमभाग जिंदगी तथा रसायनयुक्त खाने के चलते हर कोई किसी ने किसी बीमारी में फंस जाता है। यदि हम नित्य प्रति योग करें तो बीमारियां हमारे से कोसों दूर रहती हैं। जिला योग शिक्षक सूबे सिंह राविश ने बताया कि इस शिविर में 15 दिन तक योग साधकों ने विभिन्न योगासन किए तथा उसके महत्व को जाना है। शिविर के माध्यम से शहर में योग की अलग से लौ जली है। सैकडों साधक योग से जुडे हैं जो अन्य को भी योग के बारे में जानकारी दे रहे हैं। रमा मिश्रा ने कहा कि योग व हवन का गहन नाता है। हवन हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा रहा है। वेदों में भी हवन यज्ञ का विवरण व महत्व है। इसलिए हमें प्रतिदिन हवन यज्ञ करना चाहिए ताकि हमारे सकारात्मक शक्ति व ऊर्जा का संचार हो सके। हवन से जहां वातावरण शुद्ध होता है तो वहीं मन व आत्मा भी शांत होती है। कार्यक्रम उपरांत प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले योग साधकों तथा अव्वल कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर निधि भट्नागर, सुनीता, वीना तंवर, सुदेश, सुनीता शर्मा, संतोष सलूजा, बबीता अग्रवाल, पदम लटकानिया, सुनीता गोयल, सरोज, कांता, दलबीर, नरेश पंवार, गिरीराज मित्र मंडल के प्रधान पुरुषोत्तम, शांति, अनिल राणा, मदन, पवन, रामकिशन, विकास भटनागर, आदि उपिस्थत थे।

खबर संक्षेप



## छबील सेवा के लिए विदेश से युवाओं ने किया सहयोग

**राजौंद।** कस्बे में समाजसेवा की मिसाल पेश करते हुए विदेश में बसे राजौंद के युवाओं ने पानी की छबील के लिए आर्थिक सहयोग भेजा। इस सहयोग से वार्ड नंबर 4 के एमसी जॉनी राणा ने अपनी टीम के साथ मिलकर छबील लगाई, जहां राहगीरों और स्थानीय लोगों को ठंडा मीठा जल पिलाकर भीषण गर्मी में राहत दी गई। छबील के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने ठंडा पानी पीकर सेवा का लाभ उठाया और इस नेक पहल की सराहना की। आयोजकों ने बताया कि विदेश में रह रहे युवाओं का अपने गांव और शहर के प्रति यह जुड़ाव सराहनीय है, जो समाज में सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करता है। एमसी जॉनी राणा ने कहा कि इस तरह के कार्य समाज में एकजुटता और भाईचारे का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी सहयोगियों और टीम सदस्यों का आभार जताया, जिन्होंने इस सेवा को सफल बनाने में योगदान दिया।



## खेड़ी राओ वाली में पोलियो बूथ स्थापित

**राजौंद।** गांव खेड़ी राओ वाली के पंचायत घर में सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला के निर्देशानुसार तथा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी राजौंद डॉ. संदीप सिंह के मार्गदर्शन में पोलियो बूथ स्थापित किया गया। देशभर में रविवार, 28 जून 2026 से राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो चुकी है। इस अभियान के तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो वायरस से सुरक्षित रखने के लिए "दो बूंद जिंदगी की" पिलाई जा रही है। भारत को पूर्णतः पोलियो मुक्त बनाए रखने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ. होशियार सिंह, आशा कार्यकर्ता अनीता रानी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सावित्री देवी ने संयुक्त रूप से बूथ का शुभारंभ किया।इस अवसर पर 'मेरा युवा भारत कैथल' की स्वयंसेविका गुरप्रीत कौर ने कहा कि बच्चों के लिए पोलियो की खुराक अत्यंत आवश्यक है।

## 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित नागरिकों को मिल रहा दिव्यांग पेंशन का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा 21 गंभीर बीमारियों से पीड़ित पात्र नागरिकों को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा वह हरियाणा का स्थाई निवासी एवं आवेदन करते समय तीन वर्ष से हरियाणा में रह रहा हो। उन्होंने बताया कि आवेदक की सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय तीन लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि चलने-फिरने में असमर्थ दिव्यांग, कुष्ठ रोग, मस्तिष्क पक्षाघात, मांसपेशीय दुर्विकास, अंधापन, कम दृष्टि, श्रवण दोष, वाणी और भाषा दिव्यांग, बौद्धिक दिव्यांगता, विशिष्ट अधिगम दिव्यांग, ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार, मानसिक बीमारी, दीर्घकालिक तंत्रिका संबंधी बीमारी, मल्टीपल स्क्लेरोसिस, पार्किंसंस रोग, सिकल सेल रोग, बहु विकलांगता, हीमोफीलिया, थैलेसीमिया, एसिड अटैक पीड़ित एवं बौना आदि विकार शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि इन बीमारियों से संबंधित पात्र व्यक्तियों को दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया जाता है। दिव्यांग पेंशन का लाभ लेने के लिए सिविल सर्जन कार्यालय से 60 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होता है।

## मददगार साबित हो रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना

**कैथल।** हरियाणा सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों की सहायता के लिए क्रियान्वित की जा रही मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना समाज के सभी वर्गों की बेटियों और दिव्यांगजनों की शादी में एक बड़ा संबल साबित हो रही है।

डीसी अपराजिता ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों की शादी में आने वाली आर्थिक चिंता को दूर करना और समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। उन्होंने जिले के सभी पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों से अपील की है कि वे सरकार की इस कल्याणकारी योजना का लाभ उठाने के लिए पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करें।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) राजौंद में राष्ट्रीय पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरुआत सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाकर की। सिविल सर्जन डॉ. रेणू चावला ने कहा कि भारत को 27 मार्च 2014 को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पोलियो मुक्त घोषित किया जा चुका है, लेकिन पड़ोसी देशों पाकिस्तान और अफगानिस्तान में पोलियो वायरस की मौजूदगी के कारण भारत में संक्रमण का खतरा पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है।इसलिए प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में सभी बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाना अत्यंत आवश्यक है। यह कार्यक्रम जिला स्तरीय सत्र के रूप में आयोजित किया गया। अभियान के तहत ब्लॉक राजौंद में कुल 17 पोलियो बूथ, 1 मोबाइल टीम तथा 1 ट्रांजिट टीम तैनात की गई है, जिनकी निगरानी के लिए 4 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। अभियान के पहले दिन बूथों पर कुल 7802 बच्चों को पोलियो रोधक दवा पिलाई गई। इस दौरान जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. नवराज, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. विकास धवन, एसएमओ डॉ. संदीप सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। सिविल सर्जन डॉ. रेनू चावला ने बताया कि यह अभियान तीन दिनों तक चलेगा। पहले दिन बूथों पर दवा पिलाई गई, जबकि सोमवार और मंगलवार को स्वास्थ्य टीमें घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाएंगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलवाएं, ताकि उन्हें इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके।



## 'मन की बात' कार्यक्रम में कमलेश ढांडा ने की शिरकत

**राजौंद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को रविवार को राजौंद में बड़े उत्साह के साथ सुना देखा गया। यह कार्यक्रम कुशल पाल राणा के आवास पर आयोजित किया गया, जिसमें पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने अपने समर्थकों सहित भाग लिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और विभिन्न सामाजिक विषयों पर उनके संदेशों को सराहा। कमलेश ढांडा ने कहा कि 'मन की बात'कार्यक्रम देशवासियों कोसकारात्मक सोच और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा देता है।कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा भी की गई और प्रधानमंत्री द्वारा बताए गए विषयों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।

## भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए राहत बनी छबील, ठंडे मीठे पानी से बुझाई प्यास

**राजौंद।** खंड के गांव कोटड़ा के नजदीक वर्कशॉप रोड पर सोमवार को भीषण गर्मी के बीच ठंडे मीठे पानी की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाने का सराहनीय कार्य किया गया। इस दौरान गांव के समाजसेवी युवाओं ने मिलकर आने-जाने वाले लोगों को रोक-रोक कर ठंडा नींबू पानी और जलजीरा पिलाया, जिससे लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। ग्रामीण कृष्ण मिस्त्री ने जानकारी देते हुए बताया कि वे पिछले कई वर्षों से लगातार गर्मी के मौसम में इस तरह की छबील लगाकर सेवा करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार गर्मी अधिक पड़ रही है और अभी तक राजौंद क्षेत्र में बारिश नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में यह जल सेवा लोगों के लिए राहत का काम कर रही है। उन्होंने बताया कि सोमवार सुबह छबील की शुरुआत की गई थी, जो शाम तक लगातार चलती रही। इस दौरान राहगीरों के साथ-साथ वाहन चालकों को भी रुकवाकर ठंडा पानी पिलाया गया। गर्मी से परेशान लोगों ने ठंडा पानी पीकर राहत की सांस ली और सेवा कर रहे युवाओं का आभार व्यक्त किया। इस सेवा कार्य में पिंटू, बंटी, जोनी, सुखविंदर, मोहित, मीशु, हैप्पी, चरणा, आदित्य सहित कई अन्य सदस्य मौजूद रहे।





## एक किरण उम्मीद की संस्था ने लगाई नमकीन छाछ की छबील

**पूंडरी।** भीषण गर्मी में राहगीरों और आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सामाजिक संस्था "एक किरण उम्मीद की" पूंडरी की ओर से नमकीन छाछ छबील सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम एकता ज्वैलर्स क सामने आयोजित हुआ, जहां सुबह से ही लोगों की भीड़ उमड़ी और सैकड़ों लोगों ने ठंडी नमकीन छाछ का प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरियाणा कोऑपरेटिव लेबर एंड कंस्ट्रक्शन फेडरेशन के चेयरमैन देवेंद्र पंचाल रहे। उन्होंने संस्था के सेवा कार्य की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा भावना को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गर्मी के मौसम में प्यासे राहगीरों और आमजन को राहत पहुंचाना पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को समाज सेवा के कार्यों में आगे आना चाहिए। कार्यक्रम संयोजक राज कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों और आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि समाज सेवा ही जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। संस्था की अध्यक्षा निधि मोहन ने बताया कि एक किरण उम्मीद की संस्था लगातार सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य कर रही है। संस्था का उद्देश्य समाज में सहयोग, संवेदनशीलता और मानवता की भावना को मजबूत करना है।

## संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास लगाया भंडारा



**कैथल।** माल गोदाम रोड, हनुमान मार्किट, संकट मोचन हनुमान जी की प्रतिमा के पास 21वां भंडारा आलू का प्रसाद, जल जीरा, चने का सत्तू इत्यादि का भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे का शुभांरभ ईष्वर खनौरी प्रधान श्री मेहंदरपुर बालाजी सेवा समिति कैथल ने भगवान हनुमान व सभी देवी देवताओं, जल देवता पर प्रसाद चढाकर किया। यह भण्डारा हनुमान मार्किट के दुकानदारों के सहयोग से लगाया जाता है। स्मरण रहे कि संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट प्रति मास प्रत्येक पूर्णमासी को इस भण्डारे का आयोजन करती है। 22वां भण्डारा 29 जुलाई को लगाया जाएगा। इस मौके पर संकट मोचन हनुमान सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन सतपाल गुप्ता ने बताया कि यह हमारे लिए परम सौभाग्य की बात है कि हम यह आयोजन कर रहे है इस आयोजन से धार्मिक भावनाओं को प्रगति मिलती है अपितू आपस में भाई चारे की भावना भी बढती है। इस भण्डारे में किसी प्रकार की बिना किसी जात पात, ऊंच नीच सभी प्रसाद ग्रहण करते है। यहां पर आने से न केवल लोगों को प्रसाद मिलता है अपितु भगवान संकट मोचन हनुमान जी का आषीर्वाद भी मिलता है यहां पर जो भक्त अपनी मुराद लेकर आते हे उनकी मुराद पूरी होती इस अवसर पर रविन्द्र गोयल, पवन शर्मा, सोनू गोयल, मोहित सिंगला, प्रीतिपाल बंसल, राजेष सिंगला, संजय सिंगला, आईडी अरोडा, सतपाल मंगला, सतपाल, जितेन्द्र बंसल, ताराचंद गोयल, विक्रम गोयल, विषाल मित्तल, रमेष, ज्ञानचंद भल्ला, जय प्रकाष गर्ग इत्यादि उपस्थित थे।

## समय रहते गणना प्रपत्र जमा करवाएं मतदाता



**कैथल।** डीसी अपराजिता ने जिले के सभी पात्र मतदाताओं से अपील की है कि वे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अपना मतदाता गणना प्रपत्र निर्धारित समय सीमा के भीतर भरकर संबंधित बीएलओ को अवश्य जमा करें। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार 14 जुलाई तक ही गणना प्रपत्र प्राप्त कर उनका डिजिटलाइजेशन किया जाएगा। निर्धारित समय तक प्रपत्र जमा नहीं होने पर संबंधित मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटने की संभावना बनी रहेगी। डीसी ने बताया कि जिले में अभियान तेजी से चल रहा है। अब तक 8,28,255 मतदाताओं में से 3,25,426 गणना प्रपत्रों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है, जो कुल का लगभग 39.29 प्रतिशत है। इनमें पूंडरी विधानसभा में 82,320, कलायत विधानसभा में 88,644, कैथल विधानसभा में 79,815 तथा गुहला विधानसभा में 74,647 गणना प्रपत्र डिजिटल किए जा चुके हैं। डीसी अपराजिता ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं बीएलओ को निर्देश दिए कि वे शेष कार्य को पूरी गंभीरता, जिम्मेदारी और सक्रियता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करें। सभी बीएलओ घर-घर जाकर फॉर्म एकत्रित करें तथा 14 जुलाई से पहले प्रत्येक फॉर्म का ऑनलाइन अपलोड सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य एक भी पात्र मतदाता को मतदाता सूची से बाहर न रहने देना है। इसलिए नागरिक भी अभियान में सक्रिय सहयोग करें और अपने फॉर्म सही एवं पूर्ण जानकारी के साथ समय रहते जमा कराएं। फॉर्म भरते समय सभी जानकारियां स्पष्ट रूप से अंकित करें तथा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही फोटो लगाएं, ताकि किसी प्रकार की त्रुटि या अनावश्यक परेशानी से बचा जा सके।

## महान सांख्यिकीविद् एवं योजनाकार प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



कैथल। महान सांख्यिकीविद् एवं योजनाकार प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस को याद करते अधिकारी व कर्मचारी फोटो : हरिभूमि

जिला सांख्यिकीय कार्यालय में भारत के महान सांख्यिकीविद् एवं योजनाकार प्रो. प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जयंती के अवसर पर 20वें सांख्यिकीय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सांख्यिकीय कार्यालय के समस्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी बिजेन्द्र सिंह ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो. पी.सी. महालनोबिस के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद जिला सांख्यिकीय अधिकारी , निर्मल देवी ने उपस्थित सभी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए इस वर्ष की सांख्यिकीय दिवस की थीम "प्रशासनिक आंकड़ों की क्षमता का अनावरण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि प्रशासनिक आँकड़े साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण, प्रभावी योजना निर्माण, संसाधनों के बेहतरयोग तथा सुशासन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विभागीय अभिलेखों एवं प्रशासनिक डेटा का गुणवत्तापूर्ण संकलन, विश्लेषण तथा उपयोग विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और जनहितकारी निर्णयों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान प्रो. पी.सी. महालनोबिस के भारतीय सांख्यिकी के क्षेत्र में दिए गए अमूल्य योगदान को भी स्मरण किया गया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सांख्यिकीय कार्यों को और अधिक गुणवत्ता एवं दक्षता के साथ संपादित करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम | 18 स्कूलों के 60 शिक्षकों ने लिया प्रशिक्षण

# 'जॉयफुल मैथमेटिक्स' पर दो दिवसीय सीबीएसई कार्यशाला में गणित शिक्षण की नवीन तकनीकों से लैस हुए शिक्षक



कैथल। प्रशिक्षण कार्यशाला के दौरान अधिकार व अध्यापक फोटो : हरिभूमि

विद्यार्थियों की सामान्य गलतियों और कठिन अवधारणाओं को सरल ढंग से पढ़ाने के व्यावहारिक तरीके बताए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जाट शाइनिंग स्टार पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के तत्वावधान में शिक्षकों को 'जॉयफुल मैथमेटिक्स' के ज़रिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम (सीबीपी) का रविवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। 27 और 28 जून 2026 को आयोजित इस उच्च स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता एवं मुख्य वक्ताओं द्वारा माँ सरस्वती के सम्मुख पवित्र दीप-प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसमें ज्ञान और बुद्धि का आशीर्वाद मांगा गया। इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के18 विभिन्न स्कूलों के 60 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया, जहाँ उन्होंने गणित को छात्रों के लिए अधिक मज़ेदार, सार्थक और स्टूडेंट-सेंट्रिक बनाने की व्यावहारिक रणनीतियों को सीखा। कार्यशाला में मुख्य रिसोर्स पर्सन के रूप में (पानीपत) से पधारे डॉ. यतिन रावल और (इस्माइलाबाद) से डॉ. गौरव गर्ग* ने गणित की नवीन शिक्षण विधियों, रिक्रिएशनल मैथमेटिक्स, गणित शिक्षण में आईटी का प्रभावी इस्तेमाल और विद्यार्थियों द्वारा की जाने वाली आम गलतियों व मुश्किल कॉन्सेप्ट्स को आसानी से संभालने के गुर सिखाए।

### गणित केवल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि यह तर्कसंगत सोच विकसित करने का माध्यम

प्रधानाचार्य मिस्टर पंकज गुप्ता ने लॉजिकल थिंकिंग और प्रॉब्लम-सॉल्विंग स्किल्स को डेवलप करने में गणित के महत्व पर विशेष बल देते हुए कहा कि गणित केवल अंकों का खेल नहीं है, बल्कि यह तर्कसंगत सोच विकसित करने का माध्यम है, इसलिए शिक्षकों को चाहिए कि वे कक्षा में एक पॉजिटिव कल्चर का निर्माण करें। कार्यशाला के दौरान रिसोर्स पर्सन्स द्वारा संचालित दिलचस्प सत्रों ने शिक्षकों को हर बच्चे के लिए मैथ्स को एक खुशी भरा अनुभव बनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्य महोदय ने मुख्य वक्ताओं को उनके बहुमूल्य योगदान के लिए ट्रॉफी और उपहार भेंट कर सम्मानित किया और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम एक बहुत ही पॉजिटिव नोट पर समाप्त हुआ, जिससे सभी शिक्षकों को गणितीय नवाचारों के साथ अपनी कक्षाओं में वापस लौटने के लिए नई ऊर्जा और प्रेरणा मिली।

## खबर संक्षेप

### यूजी अंतिम सेमेस्टर का परिणाम जारी करे विवि

**जींद।** एबीवीपी ने चौधरी रणबीर सिंह विवि एवं इससे संबद्ध कॉलेजों के लगभग 3000 से अधिक यूजी छठे सेमेस्टर अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों का परिणाम शीघ्र जारी करने की मांग की है। कहा है कि परिणाम घोषित न होने से विद्यार्थी देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया से वंचित होते जा रहे हैंए जिससे उनमें भारी चिंता और असंतोष का माहौल है। एबीवीपी विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष सतविंदर ढिल्लो ने बताया कि वर्तमान समय में देशभर के अधिकांश विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर एवं अन्य उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों की प्रवेश प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

### विधायक ने दादा खागड़ को दी श्रद्धांजलि

**जींद।** कंडेला में सोमवार को दादा खागड़ को श्रद्धांजलि देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर नारनौंद से कांग्रेस विधायक जस्सी पेटवाड़ ने शिरकत की। उन्होंने शहीद दादा खागड़ की मूर्ति पर श्रंद्धाजलि अर्पित की। विधायक ने कहा कि एक जून 2002 को जिस तरीके से कंडेला में कत्लेआम किया गया। हजारों राउंड गोलियां चलाई गईं। कई लोग घायल हो गए और नौ लोग शहीद हो गए। कहा कि जब सत्ता में बैठे लोग अपना फर्ज भूल गए तो दादा खागड़ ने किसानों को बचाने का काम किया। विधायक ने कहा कि जिस लाइन से शहर के लिए पानी जा सकता है तो उस लाइन से गांव के लिए पानी क्यों नही आ सकता है।

### एकमुश्त निपटान योजना में मिलेगी छूट

**जींद।** डीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा व्यापारियों और उद्यमियों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एकमुश्त निपटान योजना 2026 लागू की गई है। यह योजना 28 सितंबर 2026 तक प्रभावी रहेगी, जिसके माध्यम से विभिन्न कर अधिनियमों के अंतर्गत लंबित कर बकाया मामलों का सरल एवं सुविधाजनक तरीके से निपटान किया जा सकेगा। डीसी ने बताया कि वर्ष 2025 में लागू की गई एकमुश्त निपटान योजना को व्यापारियों का व्यापक समर्थन मिला था और हजारों व्यापारियों ने इसका लाभ उठाते हुए अपने पुराने कर विवादों का समाधान कराया था।

## दूसरे दिन अभियान को सफल बनाने में जुटी रहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमें

# घर-घर पहुंचे स्वास्थ्य कर्मी, 5 साल तक के बच्चों को पिलाई पोलियो ड्रॉप

### झुग्गी, झोपड़ियों व स्लम बस्तियों में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय संघन पल्स पोलियो अभियान के तहत सोमवार को दूसरे दिन स्वास्थ्य कर्मचारियों की टीमों ने झुग्गी, झोपडियों व स्लम बस्तियों में जाकर पांच साल से छोटे उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई, जो रविवार को पोलियो बूथ पर खुराक लेने से वचिंत रह गए थे। जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा की अगुवाई में स्वास्थ्यकर्मियों ने जहां स्लम बस्तियों व झुग्गी, झोपडिय़ों में जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई वहीं पर उन सभी बच्चों को नियमित टीकाकरण के लिए भी प्रेरित करने का कार्य किया। इसके अलावा स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर उन बच्चों की पहचान करके पोलियो की खुराक पिलाने का कार्य किया, जो किसी कारण से पोलियो की खुराक पीने से वचिंत रह गए। सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि 30 जून मंगलवार को भी पल्स पोलियो अभियान के दौरान स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर सभी अभिभावकों से आग्रह कर रहे हैं कि अपने पांच साल तक के सभी बच्चों को पोलियो की अतिरिक्त खुराक पिलाने के साथ-साथ जानलेवा बीमारियों से बचाव के टीके भी समय लगवाएं और गर्भवती माताओं का शीघ्र पंजीकरण करवा कर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच भी करवाएं।


**जींद।** घर पहुंच कर बच्चे को दवा पिलाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। फोटो : हरिभूमि


**जींद।** पोलियो ड्रॉप पिलाने के अभियान के दौरान मार्किंग करते स्वास्थ्यकर्मी।

### आज भी जारी रहेगा बच्चों को 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाने का कार्य

पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों में अभियान के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाने का कार्य जारी रखा। टीमों ने उन बच्चों की पहचान की, जो किसी कारणवश पहले दिन पोलियो बूथों तक नहीं पहुंच सके थे तथा उन्हें पोलियो की खुराक पिला कर यह सुनिश्चित किया कि कोई भी पात्र बच्चा अभियान से वंचित न रहे। अभियान के दौरान टीमों ने घरों पर निर्धारित मार्किंग भी की तथा सभी बच्चों का रिकॉर्ड लिया। अभियान के दौरान डा. रेणु के साथ अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने विभिन्न गांवों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वास्थ्य टीमों के कार्यों का जायजा लिया तथा घर-घर भ्रमण, बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने, उंगली पर निशान लगाने, घरों की मार्किंग एवं रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने टीमों को निर्देश दिए कि अभियान के दौरान प्रत्येक घर तक पहुंच बनाई जाए तथा कोई भी 0 से 5 वर्ष तक का बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। अधिकारियों ने टीमों के कार्य की सराहना करते हुए अभियान को पूरी गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। इसी क्रम में एमपीएचडब्ल्यू सुशील शर्मा एवं पवन कुमार ने भ_, फैक्ट्री, हैचरी में पहुंच कर वहां रहने वाले 0-5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई। उन्होंने प्रत्येक परिवार से संपर्क कर बच्चों की जानकारी प्राप्त की तथा यह सुनिश्चित किया कि वहां रहने वाला कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रहे। टीम ने अभिभावकों को भी बताया कि प्रत्येक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में बच्चों को दवा पिलाना आवश्यक हैए भले ही उन्हें पहले भी कई बार पोलियो की खुराक दी जा चुकी हो। डा. रेणू ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान का मुख्य उद्देश्य 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो की दो बूंद दवा पिला कर उसे पोलियो जैसी गंभीर एवं स्थायी विकलांगता पैदा करने वाली बीमारी से सुरक्षित रखना है। उन्होंने सभी अभिभावकों से अपील की कि यदि स्वास्थ्य विभाग की टीम उनके घर पहुंचे तो वे पूरा सहयोग करें तथा अपने 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं।

## राष्ट्रीय पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान

### दरवाजे तक पहुंचे कर्मी, वंचित बच्चों को पिलाई 'दो बूंद जिंदगी की'


**राजौंद।** घर-घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाते स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

**राजौंद।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान के तहत जून माह में चलाए जा रहे विशेष अभियान के दूसरे दिन स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने घर-घर जाकर 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई। इस दौरान स्वास्थ्य कर्मियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और आशा वर्करों ने पूरे क्षेत्र में व्यापक स्तर पर अभियान चलाया और सुनिश्चित किया कि कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित न रह जाए। अभियान के दूसरे दिन सुबह से ही स्वास्थ्य विभाग की टीमें अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंच गई थीं। टीमों ने घर-घर जाकर बच्चों की पहचान की और उन्हें 'दो बूंद जिंदगी की' पिलाई।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एस एम ओ डॉक्टर संदीप ने बताया कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए इस तरह के अभियान बेहद जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि पोलियो वायरस बच्चों के लिए खतरनाक होता है, जो उन्हें जीवनभर के लिए अपंग बना सकता है, इसलिए समय-समय पर दी जाने वाली यह दवा पूरी तरह सुरक्षित और आवश्यक है। टीमों में शामिल आशा वर्करों और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने न केवल बच्चों को दवा पिलाई, बल्कि उनके अभिभावकों को भी पोलियो के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि भले ही बच्चा पहले कई बार पोलियो की दवा ले चुका हो, फिर भी हर बार यह दवा देना जरूरी है, ताकि बच्चे की रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनी रहे। इसके साथ ही टीमों ने नवजात शिशुओं और प्रवासी परिवारों के बच्चों पर भी विशेष ध्यान दिया, ताकि कोई भी बच्चा इस महत्वपूर्ण टीकाकरण से छूट न जाए। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पहले से ही माइक्रो प्लान तैयार किया गया था।

## कपिल मुनि तीर्थ के विकास कार्य जल्द पकड़ेंगे रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत


**कलायत।** प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ का निरीक्षण करते केडीबी एसडीओ भूपेंद्र वालिया, तीर्थ कमेटी अध्यक्ष राजू कौशिक व सदस्य।

कलायत में प्राचीन एवं धार्मिक महत्व से जुड़े कपिल मुनि तीर्थ के विकास कार्य अब जल्द रफ्तार पकड़ते दिखाई दे रहे हैं। कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड (केडीबी) और 48 कोस तीर्थ प्रबंधन कमेटी ने तीर्थ के लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने की दिशा में कदम तेज कर दिए हैं। इसके तहत सोमवार को केडीबी के एसडीओ भूपेंद्र वालिया ने अधिकारियों और श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी के पदाधिकारियों के साथ धरोहर का निरीक्षण कर प्रस्तावित विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंदिर पुजारी, श्री कपिल मुनि तीर्थ कमेटी के अध्यक्ष राजू कौशिक व सदस्य मौजूद रहे। टीम ने सरोवर, घाटों, परिक्रमा मार्ग और श्रद्धालुओं की सुविधाओं से जुड़े विभिन्न बिंदुओं का मुआयना किया। इससे पहले 48 कोस तीर्थ प्रबंधन कमेटी के नवनियुक्त चेयरमैन रविंद्र सांगवान ने पदभार संभालते ही अधिकारियों को लंबित विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए थे। हाल ही में कुरुक्षेत्र में आयोजित बैठक में चेयरमैन रविंद्र सांगवान ने प्राचीन कपिल मुनि तीर्थ कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की।


**कलायत।** प्राचीन कपिल मुनि मंदिर में पूर्णिमा की कथा सुनाते पुजारी अनिरुद्ध गौतम।

### कपिल मुनि मंदिर में लगा मेला, उमड़े श्रद्धालु

**कलायत।** कलायत के प्राचीन श्री कपिल मुनि धाम परिसर में ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा अवसर पर विशाल मेले का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में देश-प्रदेश से श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेते हुए कपिल तीर्थ में स्नान कर अपने इष्ट देवों की पूजा की। मंदिर पुजारी संजय शास्त्री व अनिरुद्ध गौतम ने श्रद्धालुओं को पूर्णिमा महात्मय की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि हर माह पूर्णिमा तिथि आती है। पूर्णिमा शुक्ल पक्ष का आखिरी दिन होता है। शास्त्रों में पूर्णिमा के व्रत का विशेष महत्व माना गया है। पूर्णिमा के दिन लक्ष्मी नारायण के अलावा चंद्रमा की पूजा की जाती है। मान्यता है कि पूर्णिमा व्रत मानसिक कष्टों से मुक्ति दिलाने वाला होता है। ज्येष्ठ मास की पूर्णिमा की बात करें तो इस तिथि का महत्व कहीं ज्यादा बढ़ जाता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए वट पूर्णिमा का व्रत रखती हैं। वट पूर्णिमा का व्रत वट अमावस्या के समान पुण्यदायी माना गया है। इसे वट सावित्री व्रत भी कहा जाता है।

## श्री कृष्ण गोशाला ढांड में पूर्णिमा पर गूंजा राधा नाम संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढांड


**ढांड।** गोशाला में हवन-यज्ञ करते श्रद्धालु।

श्री कृष्ण गौशाला ढांड में पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ हवन यज्ञ एवं राधा नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन में आहुति अर्पित कर गौमाता की सेवा, समाज की सुख-समृद्धि तथा विश्व कल्याण की कामना की।

हवन यज्ञ में गांव चंदलाना निवासी स्वर्गीय बिस्न दत्त शर्मा के परिवार ने यजमान के रूप में विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। राधा कृष्ण मंदिर एवं गौशाला पुजारी पंडित कविराज शर्मा ने हवन संपन्न करवाया। हवन यज्ञ के उपरांत राधा-कृष्ण कीर्तन मंडली द्वारा राधा नाम संकीर्तन किया गया। मधुर भजनों, हरिनाम संकीर्तन और भगवान श्रीकृष्ण के गुणगान से पूरा गोशाला परिसर भक्तिरस में डूब गया। इस अवसर पर गौशाला प्रधान दीपक चंदलाना ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का स्थान सर्वोच्च माना गया है। गौशाला के कैशियर मास्टर ईश्वर शर्मा तथा सचिव लाला शीशपाल ने कहा कि गौवंश की रक्षा और सेवा वर्तमान समय की सबसे बड़ी सामाजिक और धार्मिक आवश्यकता है। इस अवसर पर गौशाला सेवा समिति के पदाधिकारी, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## घसो में दशोटन कार्यक्रम में पहुंचे डॉ. अजय सिंह चौटाला


**उचाना।** घसो गांव भूपेंद शर्मा के आवास पर पहुंचे जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला। फोटो : हरिभूमि

**उचाना।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजय सिंह चौटाला ने उचाना हलके के गांव घसो पहुंचकर जेजेपी कार्यकर्ता भूपेंद्र शर्मा के पोते के दशोटन कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने नवजात शिशु को आशीर्वाद दिया तथा परिवार को शुभकामनाएं दीं। चौटाला ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं। जेजेपी आमजन के हितों के लिए लगातार कार्य कर रही है और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में सहभागी होना उनकी प्राथमिकता है तथा जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा।

## नशीला पदार्थ तस्करी के मामलों दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

- 42 किलो 260 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



**कैथल।** सीआइए वन पुलिस द्वारा काबू किया गया आरोपी। फोटो : हरिभूमि

एंटी नारकोटिक सेल व सीआईए-1 पुलिस द्वारा नशा तस्करी के अलग अलग 2 मामलों में 2 आरोपियों को काबू कर लिया गया। जिनके कब्जे से 42 किलो 260 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पहले मामले में सीआईए-1 की टीम गांव नरड़ क्षेत्र में अपराधों एवं नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि गांव सरायगढ जिला सुपौल बिहार निवासी पप्पू कुमार गांव प्योदा के रास्ते भारी मात्रा में गांजा लेकर कैथल की ओर आने वाले है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने नेशनल हाईवे 52 प्योदा के समीप नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। करीब रात 8 बजे नेशनल हाईवे 52 की ओर से एक व्यक्ति बताए हुलिया अनुसार पैदल आता दिखाई दिया। पुलिस द्वारा संदिग्ध को काबू कर लिया। पूछताछ के दौरान संदिग्ध की पहचान गांव सरायगढ जिला सुपौल बिहार निवासी पप्पू कुमार के रूप में हुई। डीएसपी कलायत रोहताश के समक्ष ली गई तलाशी के दौरान 20 किलो 680 ग्राम गांजा फुल पत्ती बरामद हुई। दूसरे मामले में एन्टी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव रहिशपुर जिला गाजियाबाद यूपी निवासी कपिल कुमार को काबू किया। जांच दौरान आरोपी की गाड़ी की डिग्गी से 21 किलो 580 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई।

### बड़नपुर में जल निकासी के लिए एडीसी करेंगे बातचीत

**नरवाना।** बड़नपुर में छह महीनों से चली आ रही गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान के लिए एडीसी प्रदीप कुमार गांव का दौरा करेंगे। प्रेस को जानकारी देते हुए पूर्व सरपंच डा. जोगिन्द्र सिंह श्योकंद ने बताया कि एक पक्ष द्वारा गंदे पानी की निकासी का कार्य रोक दिया है जिसके कारण फिर से स्कूलों के रास्तों, मंदिर वाली गली व नायक बस्ती में पानी घुसना शुरू हो गया है। पिछले दिनों एडीसी ने गांव बडऩपुर का दौरा किया था व दोनों पक्षों को बिठाकर समझौता करवाया था, समझौते के अनुसार नया तालाब में पानी उतारा जाएग तीन महीने का समय लिया गया व पुराने तालाब में पानी फिल्टर करके दो सप्ताह में उतारा जाएगा।



## सड़क निर्माण के लिए मंत्री रणबीर गंगवा से मिला इनेलो प्रतिनिधिमंडल

- जल्द कार्य शुरू कराने का मंत्री ने दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद


**राजौंद।** पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा से मिलते इनेलो ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा व अन्य कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

शहर की मुख्य सड़क के लंबे समय से जर्जर हालात और लोगों को हो रही भारी परेशानियों को लेकर इनेलो पार्टी के ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष सोनू वर्मा अपनी पूरी टीम के साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा से उनके आवास पर मिले। इस दौरान उन्होंने शहर की प्रमुख सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग को मजबूती से उठाया और कहा कि खराब सड़क के कारण आम जनता को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को बताया कि सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि कई बार संबंधित विभाग को अवगत करवाने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने शहर से जुड़े अन्य जनहित के मुद्दों पर भी मंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने,बिजली-पानी व्यवस्था में सुधार तथा विकास कार्यों को गति देने की मांग भी रखी।मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि मुख्य सड़क के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर जल्द शुरू कराया जाएगा।

### गांव खरल में सहकारिता दिवस मनाया



**नरवाना।** गांव खरल में दि खरल बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि सहकारी समिति लि. खरल के प्रांगण में सहकारिता दिवस के शुभअवसर पर पौधा रोपण करते हुए समिति खरल जिला प्रधान पैक्स बैंक के अध्यक्ष ने कहा कि हमें जिंदगी में ज्यादा-ज्यादा पौधे लगाना चाहिए। प्रबंधक सूरजभान व मनीराम ने कहा कि हमें जिंदगी में एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। इस अवसर पर महासचिव विजय धीमान,रमेश कुमार कुमार, ईश्वर नैन, होशियार सिंह, राकेश कुमार, राम मेहर, रणधीर , ईश्वर, मोल्ड, तरसेम मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुडा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

## ट्यूबवेल के सहारे कृषि कार्य में जुटे किसान

# भीषण गर्मी के बीच किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

### जिनके पास संसाधन की कमी, वे अब भी मौसम की मेहरबानी का कर रहे इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद


**राजौंद।** धान की रोपाई करते हुए । फोटो :हरिभूमि

गर्मी का मौसम अपने चरम पर है और इसी के साथ क्षेत्र के किसानों ने धान की फसल की तैयारियां तेज कर दी हैं। गांवों में इन दिनों खेतों की जुताई, समतलीकरण, नर्सरी की देखभाल और सिंचाई संबंधी कार्य जोरों पर चल रहे हैं। कुछ किसानों ने ट्यूबवेल के पानी की उपलब्धता के आधार पर धान की रोपाई का कार्य भी शुरू कर दिया है,जबकि अधिकांश किसान आगामी दिनों में रोपाई शुरू करने की तैयारी में जुटे हुए हैं। धान क्षेत्र की प्रमुख नकदी फसलों में से एक है और हर वर्ष बड़ी संख्या में किसान इसकी खेती करते हैं। इस बार भी किसान बेहतर उत्पादन की उम्मीद के साथ खेतों में दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। सुबह के समय खेतों में किसानों और मजदूरों की गतिविधियां बढ़ जाती हैं। कहीं ट्रैक्टरों से खेत तैयार किए जा रहे हैं तो कहीं पानी भरने का कार्य चल रहा है। किसान रामकुमार, बलदेव, विकास, सूरज सुरेंद्र,बलजीत का कहना है कि धान की नर्सरी तैयार हो चुकी है और पौधे रोपाई योग्य अवस्था में पहुंच रहे हैं। जिन किसानों के पास पर्याप्त सिंचाई संसाधन हैं, उन्होंने खेतों में पानी भरकर रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि अधिकांश किसान मौसम की स्थिति और कृषि विभाग के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए उचित समय का इंतजार कर रहे हैं। बढ़ती गर्मी के बावजूद खेती के कार्यों में कोई कमी नहीं आई है। खेतों में काम करने वाले मजदूर भी सुबह और शाम के समय अधिक सक्रिय रहते हैं। दोपहर की तेज धूप के कारण कार्य प्रभावित होता है, लेकिन किसान अपनी फसल की तैयारी में जुटे हुए हैं। धान की खेती में पानी की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में किसान ट्यूबवेल और अन्य सिंचाई साधनों के माध्यम से खेतों में आवश्यक पानी उपलब्ध कराने का प्रयास कर रहे हैं।

### निर्धारित समय पर करनी चाहिए धान की रोपाई

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि धान की रोपाई निर्धारित समय के अनुसार करनी चाहिए। जल्दबाजी में की गई रोपाई कई बार उत्पादन को प्रभावित कर सकती है। विशेषज्ञ किसानों को प्रमाणित बीजों के उपयोग, संतुलित उर्वरक प्रबंधन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाने की सलाह दे रहे हैं। साथ ही किसानों को खेतों में अनावश्यक पानी भरने से बचने और वैज्ञानिक खेती पद्धतियों को अपनाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।